Seventeenth Loksabha

an>

Title: Issue regarding redevelopment of Bombay Development Directorate (BDD) chawl
Maharashtra.

श्री अरविंद सावंत (मुम्बई दक्षिण): सभापति जी, बहुत-बहुत धन्यवाद। एक विषय को मैं पिछले पांच सा
से सदन में उठा रहा हूं। आप जानते हैं कि मुंबई शहर में बीडीडी चॉल के काम्प्लेंक्सेस हैं - वर्ली, नायगां
नामाजोशी मार्ग और सिवड़ी । इनमें से तीन काम्प्लेक्स राज्य सरकार की जमीन पर बने हैं। राज्य सरकार
एक बहुत बढ़िया निर्णय लिया कि ये जो बीडीडी चॉल करीब 100 साल पुरानी हैं और गिरने वाली हो गई
उनका पुनर्विकास करने के लिए राज्य सरकार ने एक कानून बनाया है। अब उसमें उन लोगों को 6
स्कायर फुट जगह फ्री में मिलने वाली है। सिवड़ी में एक बीडीडी चॉल का काम्प्लेंक्स है, जो मुंबई पोर्ट ट्र
की लैण्ड पर स्थित है। अब उसके लिए आज तक केंद्र सरकार से परमीशन नहीं मिल रही है। उसकी वज
से इसका काम शुरू नहीं हुआ है, बाकी तीन काम्प्लेक्सेस का काम शुरू हो गया है। वहां 680 लोग रहते
80 परिवार रहते हैं। उसमें खाली जमीन मिलेगी, जिसे बीपीटी और अच्छी तरह से इस्तेमाल कर सकती
लेकिन आपकी अनुमति के बिना राज्य सरकार कदम नहीं उठा पा रही है। मैं आपके माध्यम से केंद्र सरक
से प्रार्थना करता हूं कि बहुत देर हो गई है, देर आए दुरुस्त आए, जल्दी दुरुस्त हो जाएं और जल्दी से जल
उसकी अनुमति प्रदान करें, ताकि उन बिल्डिंग्स के पुनर्विकास का जो काम राज्य सरकार कर रही
उसको समर्थन मिले। धन्यवाद ।